नारीवादी सहयोगिता

सिद्धांत और व्यवहार

श्रीलता बाटलीवाला

crea

क्या है जो गठबंधनों को न्यायसंगत और लोकतांत्रिक, और इसके परिणाम स्वरूप, **नारीवादी** बनाता है?

विषय-सूची

नारीवादी सहयोगिता

परिचय 4

केस स्टडी 10

उभरते सिद्धांत एवं व्यवहार

1. नारीवादी गठबंधनों को स्थापित करना और उनका निर्माण करना 16
2. नारीवादी गठबंधनों को कायम रखना 26
3. तनावों और चुनौतियों से निकलना 44

सहयोगिता को समझना

सामाजिक न्याय की दुनिया में, बहुत सारे गठबंधन हैं, लेकिन उनके सदस्यों के पास अक्सर बराबर की सत्ता या आवाज़ नहीं होती है। नारीवादी सहयोगिता को सभी के लिए समान आवाज़, प्रतिनिधित्व और सत्ता की दिशा में कोशिश के रूप में समझा जाना चाहिए - जिसका मतलब सभी सहयोगियों के बीच भूमिकाओं और संबंधों का एक अलग गुणवत्तापूर्वक स्वरुप है।

नारीवादी गठबंधन नारीवादी व्यक्तियों, संगठनों और आंदोलनों, या अन्य सामाजिक न्याय संगठनों और आंदोलनों के बीच वो संबंध हैं, जो सक्रिय रूप से नारीवादी परिवर्तन के मुद्दों का समर्थन करते हैं।

मानव अधिकारों, जेंडर समानता, एलजीबीटीक्यूआइ (LGBTQI) अधिकारों, प्रजनन एवं यौन अधिकारों और प्रगतिशील सामाजिक न्याय के एजेंडे के खिलाफ दुनिया भर में प्रतिक्रिया को देखते हुए, आज के संदर्भ में नारीवादी अधिकार-आधारित आंदोलनों के बीच गठबंधन को मज़बूत करना अत्यंत ज़रूरी हो गया है। फिर भी एसे गठबंधन वैश्विक, क्षेत्रीय या स्थानीय स्तर पर उतने व्यापक या मज़बूत नहीं हैं जितने होने चाहिए या हो सकते हैं। इसका एक कारण यह है कि बहुत सारे गठबंधन बहुत साधनवादी (इन्स्ट्रूमेंटलिस्ट) हैं- इसका मतलब यह है कि एक बड़ा (और आम तौर पर अच्छी तरह से संसाधनशील) संगठन / संस्था अन्य समूहों को किसी कारण या मुद्दे पर एक साथ काम करने के लिए कहता है, ताकि उन सस्थाओं या संगठनो को अधिक विश्वसनीयता के साथ या एक आंदोलन के रूप में देखा जा सके। इस तरह की संरचनाएं अक्सर संसाधनों, नीतिगत मंचों, स्थान और अन्य कारकों तक पहुँच के आधार पर आंतरिक सत्ता संघर्षों से ग्रस्त होती हैं, जो कइ सदस्यों की प्राथमिकताओं और हितों को दूसरे स्थान पर रखती हैं।

इससे यह सवाल उठता है कि वह क्या है जो गठबंधनों को न्यायसंगत, लोकतांत्रिक और अधिक टिकाऊ बनाता है? ये प्रश्न नारीवादी संगठन के संदर्भ में अधिक महत्व रखते हैं, जहाँ हमेशा स्पष्ट नहीं होता है कि नारीवादी आदर्शों के अनुरूप गठबंधन कैसे बनाया जाए और बनाए रखा जाए। कइ उत्तर-दक्षिण नारीवादी गठबंधन वास्तव में उत्तरी आवाज़ों और दृष्टिकोणों की प्राथमिकता के कथित वर्चस्व को लेकर बिखर गए हैं। हालाँकि, दक्षिण में भी, चाहे यह क्षेत्रीय या राष्ट्रीय स्तर पर हो, अक्सर आंतरिक सत्ता के संघर्ष होते हैं – संसाधनों, पहुँच और प्रभाव, या शहरी-ग्रामीण स्थानों के कारण - जो स्पष्ट रूप से दक्षिणी साझेदारी में एक अनदेखी वास्तविकता है। बदले में ये विषमताएं समतामूलक, समावेशी और अंतःक्रियात्मक तरीके से कार्य करने की उनकी क्षमता को प्रभावित करती हैं, या आंतरिक रूप से उन मूल्यों और राजनीति का अभ्यास करने की क्षमता को प्रभावित करती हैं जिनकी वे दुनिया में इतनी दृढ़ता से पैरवी करते हैं।

नारीवादी सहयोगिता की अवधारणा उन विशिष्ट सिद्धांतों और प्रथाओं के बारे में है जो एक सहयोगी होने के लिए हमारे दृष्टिकोण को विशिष्ट रूप से नारीवादी तरीके से निर्देशित करते हैं, ताकि हम सहयोगी बनने के लिए एक नारीवादी दृष्टिकोण को व्यवहार में ला सकें।

इसका एक मूल कारण हमारी इस समझ की कमी है कि नारीवादी सहयोगिता क्या होती है, अन्य संगठनों और आंदोलनों के साथ सहयोग करने का नारीवादी तरीका क्या है, या एक अच्छे नारीवादी सहयोगी होने का क्या मतलब है? जिस तरह से "पार्टनर या साझेदार" और "पार्टनरशिप या साझेदारी" जैसे शब्दों का इस्तेमाल "अलाइ या सहयोगी", "नेटवर्क", "गठबंधन" इत्यादि शब्दों के साथ परस्पर उपयोग किया जाता है, उससे मामला और भी जटिल हो जाता है।

"क्लीयरिंग द कॉन्सेप्चुअल क्लाउड"[1] यानि अवधारणाओं को स्पष्ट करने के लिए संसाधन विकसित करने और महत्वपूर्ण मुद्दों पर एक दक्षिणी दृष्टिकोण विकसित करने के क्रिया (CREA) के ट्रैक रिकॉर्ड को देखते हुए[1], हमने नारीवादी सहयोगिता के बारे में समझ बनाने और इसे व्यवहार में प्रयोग करने को दिशा देने के लिए कुछ सिद्धांतों को विकसित करने का फैसला लिया। इसके लिए क्रिया (CREA) के सबसे पुराने गठबंधनों के साथ केस स्टडी का गहन अध्ययन शुरू किया गया - जिसमें भारत, दक्षिण एशिया और दुनिया भर के सेक्स वर्कर संगठन और आंदोलन शामिल थे। हमारा मानना था कि इस गठबंधन में विभिन्न लोगों के अनुभवों और विचारों को देखने से हमें उन सिद्धांतों और प्रथाओं की एक अच्छी पहली परिभाषा देने में मदद मिल सकती है जो नारीवादी सहयोग के केंद्र में हैं।

1 उदाहरण के लिए देखें, "फेमिनिस्ट लीडरशिप फॉर सोश्ल ट्रान्स्फ़ोर्मेशन (सामाजिक परिवर्तन के लिए नारीवादी नेतृत्व)" http://www.creaworld.org/publications/feminist-leadership-social-trans-formation-clearing-conceptual-cloud-2011-0, "ऑल अबाउट पावर (सत्ता के बारे सब कुछ)" https:/ /reconference.creaworld.org/all-about-power/ , "ऑल अबाउट मूवमेंट्स (आंदोलन के बारे सब कुछ)" https://creaworld.org/wp-content/uploads/2020/12/All-About-Movements_Web.pdf, आदि।

केस स्टडी

हमने नारीवादी सहयोगिता के बारे में समझ बनाने और इसे व्यवहार में प्रयोग करने को दिशा देने के लिए कुछ सिद्धांतों को विकसित करने का फैसला लिया। इसके लिए क्रिया (CREA) के सबसे पुराने गठबंधनों के साथ केस स्टडी का गहन अध्ययन शुरू किया गया - जिसमें भारत, दक्षिण एशिया और दुनिया भर के सेक्स वर्कर संगठन और आंदोलन शामिल थे। हमारा मानना था कि इस गठबंधन में विभिन्न लोगों के अनुभवों और विचारों को देखने से हमें उन सिद्धांतों और प्रथाओं की एक अच्छी पहली परिभाषा देने में मदद मिल सकती है जो नारीवादी सहयोग के केंद्र में हैं।

नारीवादी सहयोगिता केस स्टडी प्रतिभागी

हमने 2021 के अंत में क्रिया (CREA) और सेक्स वर्कर्स की दीर्घकालिक सहयोगिता की केस स्टडी शुरू की, जिसमें सेक्स वर्कर संगठनों और नेटवर्कों के साथ-साथ सेक्स वर्करों के व्यक्तिगत और संगठनात्मक सहयोगियों की एक सूची तैयार की गई, जिनके साथ क्रिया (CREA) ने काम किया था। प्रश्नों का एक सेट तैयार किया गया था ताकि हमें यह समझने में मदद मिले कि गठबंधन में शामिल होने के लिए विभिन्न सदस्यों को किस चीज़ ने आकर्षित किया, किस चीज़ ने समय के साथ रिश्ते को बनाए रखा, और समय के साथ किन चुनौतियों का सामना करना पड़ा था।[2] डेटा इकट्ठा करने और साक्षात्कार आयोजित करने के लिए क्रिया (CREA) कर्मचारियों / स्टाफ की एक छोटी रिसर्च टीम का गठन किया गया था।

प्रत्येक समूह के अंदर सूचना देने वाले मुख्य लोगों की पहचान की गई, और 2021 के अंत और 2022 की शुरुआत में साक्षात्कार आयोजित किए गए। बीस संभावित सूचना देने वालों में से कुल उन्नीस का साक्षात्कार किया गया। वे लोग सात वैश्विक, क्षेत्रीय और राष्ट्रीय सेक्स वर्कर नेटवर्क या संगठनों के साथ-साथ दाता (डोनर) और पैरवी करने वाले समूहों के समर्थकों और क्रिया (CREA) टीम के सदस्यों में से थे, जिन्होंने इस काम को शुरू किया और इसका नेतृत्व किया। साक्षात्कारों के डेटा का विश्लेषण किया गया और 2023 में केस स्टडी के निष्कर्षों की एक विस्तृत रिपोर्ट का मसौदा (ड्राफ्ट) तैयार किया गया। नीचे प्रस्तुत नारीवादी सहयोगिता के सिद्धांत और व्यवहार में इसके प्रयोग इस विस्तृत विश्लेषण से तैयार किए गए हैं। साक्षात्कार के प्रश्नों और केस स्टडी के प्रतिभागियों की सूची के साथ पूरी केस स्टडी रिपोर्ट क्रिया (CREA) वेबसाइट से डाउनलोड की जा सकती है।

2 संपूर्ण केस स्टडी रिपोर्ट के परिशिष्ट (ii) में आप वे प्रश्न पढ़ सकते हैं जो सेक्स वर्कर्स के प्रतिनिधियों, क्रिया (CREA) टीम के सदस्यों और बाहरी समर्थकों से पूछे गए थे।

केस स्टडी से उभर रहे नारीवादी सहयोगिता सिद्धांत और व्यवहार में इसका प्रयोग:

हम यहाँ संक्षेप में बताने का प्रयास कर रहे हैं कि हमारी केस स्टडी के आधार पर नारीवादी सहयोगिता के मूल सिद्धांत क्या हैं, और हम प्रत्येक सिद्धांत को ठोस व्यवहारों में कैसे रूपांतरित कर सकते हैं। हम जानते हैं कि ये सिद्धांत एनजीओ जैसे संगठनों (क्रिया (CREA)) और आम तौर पर ज़मीनी स्तर के आंदोलनों और आंदोलन-आधारित नेटवर्क के बीच सहयोगिता के संदर्भ में उभरे हैं। इसलिए हम यह दावा नहीं करते हैं कि ये सिद्धांत सभी गठबंधनों या गठबंधन चाहने वाली संस्थाओं के लिए समान रूप से मान्य हैं, या वे पूर्ण या सर्वव्यापी हैं। हालाँकि, वे नारीवादी सहयोगिता के मूल सिद्धांतों और प्रथाओं को अधिक व्यापक रूप से तैयार करने के लिए एक उपयोगी प्रारंभिक बिंदु प्रदान करते हैं। उस संदर्भ में, यह कार्य प्रगति पर है - वास्तव में एक पहला प्रयास है - और हम दूसरों को इसे आगे बढ़ाने और इसे मज़बूत करने में योगदान करने के लिए आमंत्रित करते हैं। इसके अलावा, हमें यह दावा करते हुए गर्व हो रहा है कि यह एक दक्षिणी ढांचा है, जो मुख्य रूप से दक्षिण-आधारित संगठनों, आंदोलनों और व्यक्तियों के अनुभवों से बना है।

हमारी केस स्टडी से उभरने वाले नारीवादी सहयोगिता सिद्धांतों और अभ्यासों को चित्रित करने में, हमें उन्हें तीन अलग-अलग श्रेणियों में वर्गीकृत करना उपयोगी लगा, जैसे,



हम प्रत्येक समूह में मुख्य विचारों को सूचीबद्ध करेंगे, साथ ही कुछ महत्वपूर्ण कदमों को भी सूचीबद्ध करेंगे, जिन्हें नारीवादी सहयोगियों के बीच बातचीत में ध्यान में रखा जाना चाहिए। कृपया ध्यान दें कि ये विचार और कार्य किसी क्रम में सूचीबद्ध नहीं हैं; बल्कि, उन्हें निष्पक्ष, समावेशी और लोकतांत्रिक नारीवादी गठबंधन बनाने के सबसे महत्वपूर्ण हिस्सों के रूप में प्रस्तुत किया गया है।

नारीवादी गठबंधनों की शुरुआत और निर्माण के लिए सिद्धांत और व्यवहार में प्रयोग

1

एक साझा दीर्घकालिक दृष्टिकोण और परिवर्तन एजेंडा बनाना जिसे सभी सहयोगी अपना सकें

किसी तात्कालिक अवसर या चुनौती के आधार पर अल्पकालिक रिश्ते पर ध्यान केंद्रित करने के बजाय, **परिवर्तन के लिए दीर्घकालिक साझा दृष्टिकोण और एजेंडा बनाने के लिए प्रक्रियाएं बनाएं और समय का निवेश करें**। नारीवादी सहयोगिता ऐसे दृष्टिकोण के साथ नहीं बनाई जा सकती कि "अच्छा, हम यह करना चाहते हैं - क्या आप हमारे साथ जुड़ेंगे?"

बल्कि, हमें एक समान अवसर और एक समावेशी प्रक्रिया स्थापित करनी चाहिए जो विभिन्न शक्तियों और क्षमताओं पर विचार करती है और उन्हें बराबर महत्व देती है, अंतर और समानता दोनों की निडरता से जांच करती है, और भाषा, शब्दावली, स्थान और जीवंत अनुभवों के मुद्दों को संबोधित करती है, जो विविध सहयोगियों को साथ लाते हैं। तभी जो एजेंडा सामने आएगा उसे सही मायने में साझा किया जा सकेगा। इस प्रक्रिया के दौरान रिश्ते को मज़बूत करने और साथ मिलकर काम करने की क्षमता जाँचने के लिए छोटे-छोटे संयुक्त कदम उठाये जा सकते हैं। यह इस बात को भी सुनिश्चित करता है कि जब बाहरी ताकतें अनपेक्षित मतभेदों को उजागर करेंगी तो संबंध टूटेंगे नहीं।

न ही इसे एक बार की प्रक्रिया के रूप में देखा जा सकता है - जैसे-जैसे संयुक्त पहल / कार्यवाही विकसित होती है और आगे बढ़ती है, इसमें समय-समय पर समीक्षा और पुन: तालमेल बनाने की आवश्यकता होती है। क्रिया (CREA)-सेक्स वर्कर्स के केस में, यह प्रक्रिया स्वाभाविक रूप से - क्रिया (CREA) और सेक्स वर्कर्स के नेतृत्व वाले स्थानों और आयोजनों में कई जुड़ावों के साथ-साथ जानबूझकर बातचीत के माध्यम से - सामने आई।

'**एकजुटता और समर्थन एक ही बात नहीं है।** एकजुटता का अनुभव करने के लिए, हमारे पास हितों, साझा विश्वासों और लक्ष्यों का एक समुदाय होना चाहिए, जिसके चारों ओर एकजुट होकर बहनापे (सिस्टरहुड) का निर्माण किया जा सके। समर्थन दिया भी जा सकता है और आसानी से वापस लिया भी जा सकता है। एकजुटता के लिए निरंतर, प्रतिबद्धता बनाए रखने की आवश्यकता होती है।' – **बेल हुक्स**

2

जहाँ भी संभव हो, स्पष्ट तरीकों से एक साथ और एक-दूसरे के लिए खड़े रहना

नारीवादी सहयोगिता का मतलब है ठोस तरीकों से एकजुटता प्रदर्शित करना... इसका मतलब है सार्वजनिक रूप से एक-दूसरे का समर्थन करने के लिए तैयार रहना, खासकर संकट के समय में। हमारी केस स्टडी में, सेक्स वर्करों ने इसे एक महत्वपूर्ण सिद्धांत और व्यवहार के रूप में पहचाना, क्योंकि बहुत कम नारीवादी संगठन, सेक्स वर्करों के अधिकारों का खुलकर समर्थन करने के इच्छुक थे। सेक्स वर्क के अपराधीकरण के खिलाफ क्रिया (CREA) का स्पष्ट रुख और यह दावा कि सेक्स वर्क भी काम है, और सेक्स वर्कर के खिलाफ हिंसा को जेंडर आधारित हिंसा के एक अभिन्न अंग के रूप में मान्यता देने पर क्रिया (CREA) का फोकस होना, ये ऐसी चीज़ें थीं जो क्रिया (CREA) के साथ उनकी सहयोगिता को बनाने और बनाए रखने में मुख्य कारक थीं।

यह सिद्धांत कइ संदर्भों में समान रूप से प्रासंगिक है: उदाहरण के लिए, श्वेत महिलाओं द्वारा नस्लवाद और नव-उपनिवेशवाद के खिलाफ सार्वजनिक रूप से खड़े होने की रंग वाली महिलाओं की मांग, या फिलिस्तीनी महिलाओं द्वारा यहूदी नारीवादियों से इजरायली सरकार की दमनकारी नीतियों की निंदा करने की मांग।

हालाँकि, हमें यह स्वीकार करना चाहिए कि कइ एसी असाधारण स्थितियाँ हैं जिनमें सार्वजनिक रुख अपनाना खतरनाक है, या रणनीतिक रूप से नासमझी भी है। यहाँ महत्वपूर्ण बात यह है कि गठबंधन के प्रत्येक सदस्य को यह पता होना चाहिए कि अन्य लोग उनके साथ एकजुटता में हैं, और जितना संभव हो सकेगा वे इसे खुले तौर पर प्रदर्शित करेंगे।

"महिलाओं के कइ संगठन और आंदोलन हैं, लेकिन क्रिया (CREA) सेक्स वर्करों को महिलाओं के रूप में मान्यता देने वाला पहला संगठन है... **क्रिया (CREA) ने महिलाओं के रूप में सेक्स वर्करों की चुनौतियों और समस्याओं को खुले तौर पर पहचाना, अपनाया और उनके बारे में बात की है।''** – एआइएनएसडबल्यू (AINSW)

3

विश्वास, पारदर्शिता और पारस्परिक जवाबदेही बनाना

विश्वास बनाना: ऊपर लिखित सभी प्रक्रियाएं विश्वास बनाने में योगदान करती हैं, **लेकिन नारीवादी गठबंधनों में जिस तरह से विश्वास बनाया जाता है, उसमें एसे तत्व शामिल होते हैं जो अन्य गठबंधनों में हमेशा मौजूद नहीं होते हैं।** उदाहरण के लिए, साझा एजेंडे के लिए धन और फंडिंग के बारे में पारदर्शिता, समुदाय-आधारित साझेदारों के ज्ञान, जिए गए अनुभव, आंदोलन की ताकत और गतिशीलता क्षमता को समान रूप से महत्व देना, और धन शक्ति या अन्य मतभेदों के आधार पर निहित पदानुक्रम से बचना, नारीवादी सहयोगियों का महत्वपूर्ण व्यवहार हैं।

पारदर्शिता का अभ्यास प्रारंभिक और दीर्घकालिक गठबंधन-निर्माण प्रक्रिया दोनों के लिए महत्वपूर्ण है, और इसका मतलब है कि गठबंधन की तलाश में प्रत्येक सहयोगी के एजेंडे और उद्देश्य के बारे में पारदर्शिता - वे जो संसाधन साथ लाते हैं (वित्तीय और अन्य दोनों), और निरंतर आधार पर एक दूसरे को जानकारी देते हुए साझा मुद्दों पर किसी भी, या सभी कार्यों के बारे में पारदर्शिता रखते है। उदाहरण के लिए, क्रिया (CREA)-सेक्स वर्कर सहयोगिता केस स्टडी में, अधिकांश सेक्स वर्करों के प्रतिनिधियों ने रिश्ते में उनके विश्वास में योगदान देने वाले कारकों के रूप में क्रिया (CREA) की वित्तीय पारदर्शिता, साथ ही स्थानीय और अंतर्राष्ट्रीय पैरवी और नारीवादी नेटवर्किंग स्थानों तक इसकी पहुँच के खुलेपन की बात की।

ये उपाय वास्तव में नारीवादी सहयोगिता में पारस्परिक जवाबदेही को व्यवहार में लाने का अभ्यास है, जिसे गठबंधन के सभी सदस्यों द्वारा महत्व दिया जाता है।

> **क्रिया (CREA)** संगठन शुरू से ही एक ठोस पार्टनर रहा है और **अपनी सहयोगिता की भूमिका में लगातार बना हुआ है**; एक ऐसा संगठन जिस पर भरोसा किया जा सकता है और जिसके साथ सुरक्षित महसूस किया जा सकता है।"– **एसडब्ल्यूआईएफ़ए (SWIFA)**

4

मुख्य स्थानों और नीति प्रक्रियाओं में व्यक्तिगत और सामूहिक पहुँच, दृश्यता (विजिबिलिटी) और आवाज़ को बढ़ाएं

नारीवादी सहयोगिता को स्थानीय से वैश्विक स्तर तक महत्वपूर्ण बहसों, पैरवी की प्रक्रियाओं और नारीवादी स्थानों में अपने **सभी सदस्यों के लिए पहुँच, दृश्यता और आवाज़ में बढ़ोतरी की आवश्यकता है।** यह उन सहयोगियों के लिए विशेष रूप से महत्वपूर्ण है जिन्हें ऐतिहासिक रूप से कुछ स्थानों से बाहर रखा गया है, या दूसरों ने ही अभी तक उनके लिए बात की है। उदाहरण के लिए, हमारी केस स्टडी में, सेक्स वर्करों ने इसे एक महत्वपूर्ण संसाधन के रूप में पहचाना, जिसे क्रिया (CREA) ने सहयोगिता में लाई थी। उनकी तरफ से बोलने के बजाय, क्रिया (CREA) ने सक्रिय रूप से नीतिगत मंचों तक उनकी पहुँच खोल दी, जहाँ, उदाहरण के लिए, तस्करी पर प्रोटोकॉल या सेक्स वर्क को प्रभावित करने वाले कानूनों पर चर्चा की जा रही थी, और सेक्स वर्करों को इन बहसों में उनकी तरफ से किसी और के लिए बोलने के बजाय उन्हें खुद के लिए बोलने का समर्थन किया। इसी तरह, क्रिया (CREA) ने यह सुनिश्चित किया कि सेक्स वर्कर और उनके सहयोगी यौनिकता, जेंडर और अधिकारों पर क्रिया (CREA) अध्ययन के संकाय (फैकल्टी) में हों, जो सेक्स वर्करों की क्षमता, ज्ञान और दृष्टिकोण के प्रति सम्मान प्रदर्शित करता है।

"क्रिया (CREA) की नारीवादी सहयोगिता ने आगे की राह दिखाइ है और **सेक्स वर्करों** के आंदोलनों और सेक्स वर्करों को अपनी **आवाज़ उठाने** और नइ जगहों पर **अपने अधिकारों की मांग करने में सक्षम बनाया है।**" – एआइएनएसडबल्यू (AINSW)

II

नारीवादी गठबंधनों को लंबे समय तक बनाए रखने के सिद्धांत

5

अंतरों को पहचानें, अपनाएं और लाभ उठाएं

अंतरों को स्वीकार करके निरंतर तालमेल बनाना और रणनीतिक रूप से इनका लाभ उठाना सीखना, नारीवादी सहयोगिता को बनाए रखने में एक महत्वपूर्ण प्रक्रिया है। इसका मतलब है पहचान के साथ-साथ सामाजिक-आर्थिक स्थिति और स्थान दोनों के संदर्भ में - यानी, जेंडर पहचान और यौन अभिव्यक्ति, धर्म, नस्ल, वर्ग, जाति, जातीयता, व्यवसाय, स्थान (ग्रामीण / शहरी; छोटा शहर / बड़ा शहर) ; उत्तर/दक्षिण, आदि), और अन्य चीजों के साथ क्षमता के - अंतर को खुले तौर पर पहचानना। विभिन्न सहयोगियों के अलग-अलग विशेषाधिकार और कम दिखाइ देने वाले संसाधनों तक पहुँच को पहचानना भी महत्वपूर्ण है। इन्हें अक्सर "अमूर्त" संसाधन कहा जाता है, जैसे जान-पहचान और प्रभाव, वित्तीय संसाधन, शैक्षिक पृष्ठभूमि, अंग्रेजी जैसी वैश्विक भाषा में सुविधा। लेकिन इसमें अत्यधिक मूल्यवान संसाधन भी शामिल होते हैं जो आंदोलन-आधारित सहयोगी गठबंधन में लाते हैं, जैसे कि लोगों की संख्या की शक्ति, ज़मीनी स्तर का ज्ञान, जिए हुए अनुभव, रणनीतिक सोच और उनका अपना विशिष्ट विश्लेषण।

नारीवादी सहयोगिता तब मज़बूत होती है जब अंतरों को न केवल स्वीकार किया जाता है, बल्कि अपनाया जाता है और उसका लाभ उठाया जाता है। क्रिया (CREA)-सेक्स वर्कर्स सहयोगिता की केस स्टडी में, हमने देखा कि समय के साथ, सहयोगियों ने राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय परिवेश में सेक्स वर्कर्स के अधिकारों के लिए लड़ने के लिए योजनाबद्ध तरीके से अपनी विभिन्न शक्तियों और कौशलों का उपयोग किया। उन्होंने जेंडर, यौनिकता और अधिकारों पर क्रिया (CREA) के अध्ययनों में भी इन कौशलों का उपयोग किया।

> मैं जानती हूँ कि हमारा मेल चीजों को बदलता है; यह बहुत क्रांतिकारी है, यह बहुत बड़ा हो जाता है... और हम देखते हैं कि कैसे **एक-दूसरे के साथ** [एक जगह में] **आना हमें और भी मज़बूत बनाता है**... हम क्रिया (CREA) की ताकतों को भी जानते हैं और उस सहयोग में आते ही हम एक-दूसरे की ताकत को महत्व देते हैं। – **यूएचएआइ-इस्ट (UHAI-EAST) अफ़्रीका**

6

एक दूसरे के ज्ञान, क्षमता और नेतृत्व का निर्माण करें

पारस्परिक क्षमता निर्माण, **सीखने और नेतृत्व के विस्तार की स्पष्ट प्रक्रियाओं का निर्माण** सामूहिक शक्ति को बनाने में और गठबंधनों को बनाए रखने में एक प्रमुख योगदानकर्ता हो सकता है। वास्तव में, एक-दूसरे के ज्ञान, विश्लेषण और कौशल का निर्माण (पैरवी और सक्रियता दोनों के लिए) नारीवादी गठबंधनों को बनाए रखने के लिए महत्वपूर्ण है, लेकिन इससे भी अधिक महत्वपूर्ण है गठबंधन के प्रत्येक सदस्य और समग्र रूप से गठबंधन नेतृत्व का लगातार विस्तार करने के लिए ज़मीनी स्तर के नेतृत्व निर्माण की सचेत प्रक्रियाएं।

क्रिया (CREA)-सेक्स वर्कर्स सहयोगिता केस स्टडी से स्पष्ट रूप से पता चला है कि दक्षिण एशिया और पूर्वी अफ्रीका दोनों में, एक-दूसरे के कार्यक्रमों और प्रशिक्षण संस्थानों तक पहुँच को क्रिया (CREA) और सेक्स वर्कर संगठनों, दोनों के लिए पारस्परिक क्षमता और नेतृत्व निर्माण और सीखने की प्रक्रियाओं के रूप में देखा गया।

> "केन्याइ सेक्स वर्करों द्वारा **अपने स्वयं के सबूत इकट्ठा करने और CEDAW के लिए एक पेपर लिखने की प्रक्रिया**, और CREA केवल इस प्रक्रिया में उनकी मदद कर रही है ...।" यह याद रखना हमेशा महत्वपूर्ण है कि जो लोग जानते हैं, जिनके पास केस हैं, वे उस अनुभव को जीते हैं, वे स्वयं सेक्स वर्कर हैं। – **क्रिया (CREA) की पूर्व कर्मचारी**

7

अंतर्संबंधों के (इंटरसेक्शनल) दृष्टिकोण को गहरा करना और नए दृष्टिकोण अपनाना



अंतर्संबंधों के (इंटरसेक्शनल) दृष्टिकोण को मज़बूत करना और नए दृष्टिकोण अपनाना, चल रही शिक्षा और क्षमता निर्माण का एक महत्वपूर्ण तत्व है। नारीवादी सहयोगिता की मांग है कि जिस मुद्दे पर वे काम कर रहे हैं उसकी इंटरसेक्शनल प्रकृति के बारे में प्रत्येक भागीदार की समझ को गहरा और मज़बूत किया जाए, और नए दृष्टिकोण अपनाए जाएं। यह निरंतर सीखने और पारस्परिक क्षमता निर्माण का एक रूप है जिसे सामूहिक कार्यवाही की प्राथमिकताओं में उपेक्षित नहीं किया जाना चाहिए।

हमारी केस स्टडी में, सेक्स वर्कर्स के आंदोलनों के साथ साझेदारी के माध्यम से क्रिया (CREA) के इंटरसेक्शनल दृष्टिकोण को गहरा और जटिल होते देखा गया है। यह ट्रांस सेक्स वर्कर्स के अनुभव को लाने के साथ-साथ बुनियादी सुविधाओं के लिए गरीब समुदायों में रहने वाले सेक्स वर्कर्स के पानी, अपने बच्चों के लिए स्कूली शिक्षा, चिकित्सा सेवाओं और प्रजनन स्वास्थ्य देखभाल तक पहुँच जैसी ज़रूरतों के संघर्षों को समझने से हुआ है।

इसका मतलब यह भी है कि गठबंधन को स्वयं के संभावित बहिष्कारों पर खुद की जांच भी करनी है - क्या इन मुद्दों से प्रभावित सभी लोग शामिल हैं और सुने गए हैं? क्या सहयोगिता अनजाने में किसी को बाहर कर देती है?

> "कौन यहाँ हमारे साथ नहीं है? **सहयोगिता का विस्तार और उसे अधिक समावेशी कैसे किया जा सकता है**? और किनके मुद्दों को सेक्स वर्क समुदाय (जैसे ट्रांस सेक्स वर्कर्स) के भीतर भी नहीं सुना जाता या उनके लिए आवाज़ नहीं उठाइ जाती?"– **उहाइ-इस्ट (UHAI-EAST) अफ़्रीका**

8

सतत और निरंतर संचार

सतत और निरंतर संचार नारीवादी सहयोगिता की जीवनधारा है, तब भी जब चर्चा के लिए कोई कार्य एजेंडा न हो। लगातार एक दूसरे के साथ संपर्क में रहना पारदर्शिता, पारस्परिक जवाबदेही और विश्वास को मज़बूत करने और रिश्तों को केवल महत्वपूर्ण लक्ष्यों से कहीं आगे ले जाने में सक्षम बनाता है। यह तब और भी महत्वपूर्ण हो जाता है जब सहयोगियों के बीच संबंध मज़बूत होते हैं और जब वे नई समस्याओं का सामना करते हैं या नए अवसरों का लाभ उठाते हैं। तब सहयोगिता के भीतर सत्ता को लेकर नए संघर्ष पैदा होने की संभावना होती है, क्योंकि कुछ सदस्य नए संसाधनों, स्थानों या जानकारी तक पहुँच प्राप्त करते हैं जो दूसरों के लिए उपलब्ध नहीं हैं।

हमारी केस स्टडी में इसे बार-बार विश्वास और खुलेपन की भावना में एक मुख्य कारक के रूप में इंगित किया गया था, जिसमें क्रिया (CREA) ने उदाहरण स्थापित किया था, और सेक्स वर्कर प्रतिनिधियों और अन्य सहयोगियों ने भी इसका पालन किया था।

लगातार एक दूसरे के साथ संपर्क में रहना एक एसे दृष्टिकोण को भी मज़बूत करता है जो मुख्य या महत्वपूर्ण नहीं है। हमारी केस स्टडी में यह उजागर हुआ - कि क्रिया (CREA) और सेक्स वर्कर समय-समय पर संपर्क में आते थे और मिलते थे, भले ही आभासी रूप से (वर्चुअली), एक-दूसरे से मिलने, समाचार और विकास साझा करने, असफलताओं के बारे में बात करने और बस एक-दूसरे के लिए मौजूद रहने के लिए। यह विशेष रूप से कोविड महामारी के दौरान सेक्स वर्कर समूहों के लिए महत्वपूर्ण था, जब उन्होंने अपनी आजीविका खो दी और बहुत अलगाव महसूस किया था।

> "हम एक एसी जगह पर पहुँच गए हैं जहाँ नारीवादियों के रूप में एक-दूसरे के संघर्षों के लिए परस्पर सम्मान है और इस तथ्य की मान्यता है कि संघर्ष बहुत अलग-अलग संदर्भों से आते हैं.... **आप उत्पीड़न को कैसे देखते हैं और कैसे उसका अनुभव करते हैं, यह आपकी सामाजिक पहचान**, [और] आपके काम की प्रकृति के आधार पर **एक बहुत ही अनोखी जगह से आता है।**" – **क्रिया की पूर्व कर्मचारी**

9

लचीलेपन, नइ चुनौतियों के प्रति प्रतिक्रिया के माध्यम से समुत्थान शक्ति (रिज़ीलियन्स) बनाना

नारीवादी गठबंधनों की समुत्थान शक्ति (रिज़ीलियन्स) लचीलेपन, नई चुनौतियों के प्रति प्रतिक्रिया और महत्वपूर्ण समय में आपसी सहयोग पर निर्भर है। आज के तेज़ी से बदलते सामाजिक-राजनीतिक संदर्भों को देखते हुए, पहले से निर्धारित रणनीतियों, कार्यों या घटनाओं को बाहरी परिस्थितियों के कारण स्थगित करना, उनपर पुनर्विचार करना, या उनको स्थानांतरित करना पड़ सकता है। हमारी केस स्टडी में, हमने देखा कि कोविड महामारी एक अप्रत्याशित स्थिति थी जिसने सभी गठबंधन सहयोगियों की योजनाओं को बाधित किया। नारीवाद और जेंडर समानता के खिलाफ दुनिया भर में प्रतिक्रिया, आंदोलन के नेताओं के खिलाफ सरकार का दमन और हिंसा, युद्ध और नागरिक संघर्ष और जलवायु आपदाओं के कारण संकट ने नारीवादी गठबंधनों को भी प्रभावित किया।

ऐसे चुनौतीपूर्ण समय में प्रत्येक का समर्थन करना गठबंधन की दीर्घकालिक समुत्थान शक्ति (रिज़ीलियन्स) के लिए महत्वपूर्ण है। हमारी केस स्टडी में सेक्स वर्कर्स ने कोविड महामारी के दौरान क्रिया (CREA) के समर्थन की पहचान की - कैसे क्रिया ने अपने स्वयं के मुख्य संसाधनों से धन के रूप में और मनोबल बढ़ाने के लिए निरंतर आउटरीच के रूप में उनका समर्थन किया और उनकी बहुत मदद की। बेशक, ऐसे बहुत संदर्भ हैं जिनमें ऐसी एकजुटता की कीमत बहुत अधिक हो सकती है - उदाहरण के लिए, समर्थन करने वाले संगठन या उसके नेतृत्व को राजनीतिक निशाना बनाया जाता है। महत्वपूर्ण बात यह है कि समर्थन दिखाने का ऐसा तरीका ढूंढने का प्रयास किया जाए जिसे दूसरा साथी देख सके और महसूस भी कर सके।

10

संबंधों का विस्तार करें

नारीवादी सहयोगिता के लिए अन्य नारीवादी और सामाजिक न्याय कर्ताओं/कर्मियों और आंदोलनों के साथ **अंतरसंबंधों (इंटरसेक्शनल) के सचेत और रणनीतिक निर्माण की आवश्यकता होती है**, खासकर जब बाहरी सामाजिक और राजनीतिक चुनौतियाँ बहुत अधिक होती हैं। गठबंधनों को समान संघर्षों में लगे अन्य लोगों - उदाहरण के लिए, अन्य स्थानों में हाशिए पर रहने वाली महिलाओं के संगठन, विकलांग महिलाएं, जलवायु न्याय और आर्थिक न्याय आंदोलन, प्रगतिशील युवा और एलबीटीक्यूआइ संगठनों - के साथ-साथ अलग-अलग सहायक दाताओं (डोनरों) के साथ जुड़ने के लिए, अपने स्वयं के विशेष मुद्दे की सीमाओं से परे जाने की आवश्यकता है। हमारी केस स्टडी में, क्रिया (CREA) ने सेक्स वर्कर संगठनों को नए डोनरों (मामा कैश, रेड अम्ब्रेला फंड, ओएसइआइए, यूएएफ-अफ्रीका, आदि) के साथ-साथ संबंधित क्षेत्रों में व्यापक नारीवादी, क्वीयर और विकलांगता आंदोलनों से जोड़ने का प्रयास किया है।

ये संबंध बनाना हमेशा आसान या फलदायी नहीं होता - दूसरों के साथ साझा दृष्टिकोण बनाना और एजेंडा बदलना चुनौतीपूर्ण हो सकता है! - लेकिन कोशिश करना महत्वपूर्ण है। एक अनुचित दुनिया में सामाजिक न्याय के लिए संघर्ष कर रहे सभी आंदोलनों को महत्वपूर्ण समय में एक-दूसरे से जुड़ने और समर्थन करने के तरीके खोजने होंगे।

> **CREA... ने हमेशा सेक्स वर्कर्स की आवाज़ को AWID जैसे** प्रमुख अंतरराष्ट्रीय नारीवादी **क्षेत्रों** में लाने की कोशिश की है। उन्होंने मानव अधिकार विद्वानों के साथ चर्चा आयोजित करने में भी मदद की, ... जहाँ मैंने यह दिखाने के लिए मानव अधिकार ढांचे की आलोचना की कि यह सेक्स वर्क के अनुकूल नहीं है। [इन स्थानों तक पहुँच] सेक्स वर्क के खिलाफ [कुछ] नारीवादियों के विरोध और संपूर्ण तस्करी के इतिहास को चुनौती देने के कारण महत्वपूर्ण थी। – **संग्राम**

11

हमारे बिना हमारे बारे में कुछ भी नहीं

नारीवादी सहयोगियों को प्रतिनिधित्व की राजनीति पर ध्यान देना चाहिए, और रणनीतिक अवसरों के बारे में और मुद्दों पर प्रतिनिधित्व और कौन बोलेगा पर खुली चर्चा होनी चाहिए।

नारीवादी सहयोगिता यह सुनिश्चित करने का प्रयास करती है कि **किसी मुद्दे से सबसे अधिक प्रभावित सहयोगी, या जो अपने दैनिक जीवन में इस मुद्दे पर बातचीत करते हैं, प्रमुख मंचों पर खुद के लिए बोलें।** यह सेक्स वर्कर्स के प्रसिद्ध सिद्धांत के समान है कि **"हमारे बिना हमारे बारे में कुछ भी नहीं।"** यह गठबंधन के कुछ सदस्यों के विशेषाधिकार या प्रभुत्व को भी चुनौती देता है जो अंतरराष्ट्रीय मंचों या नीति प्रक्रियाओं जैसे कुछ स्थानों पर संचालन में अधिक सहज हो सकते हैं।

नारीवादी सहयोगिता की मांग है कि गठबंधन-निर्माण के चरण में विभिन्न सदस्यों के बीच भूमिका की सीमाओं पर स्पष्ट रूप से बातचीत की जाए, और फिर सहयोगिता के आगे बढ़ने पर **समय-समय पर उस पर दोबारा गौर किया जाए।** क्रिया (CREA)- सेक्स वर्कर्स सहयोगिता केस स्टडी में, क्रिया (CREA) और सेक्स वर्कर्स के प्रतिनिधियों, दोनों ने इस बारे में बात की कि यह पहचानना कितना महत्वपूर्ण है कि क्रिया (CREA) को कब और कहाँ बोलना चाहिए और सेक्स वर्कर्स को अपने लिए कहाँ बोलना चाहिए। या कहाँ क्रिया (CREA) ज़रूरत से ज्यादा जगह ले रही है और सेक्स वर्कर्स को जगह देना ज़रूरी है। इसे सही ढंग से समझना मुश्किल हो सकता है, और तनाव पैदा कर सकता है और तनाव पैदा होने पर समय-समय पर उससे निपटने की आवश्यकता होती है।

> "**सेक्स वर्कर आंदोलनों में एक मंत्र है** और मुझे लगता है कि यह एक वैश्विक मंत्र है - **'हमारे लिए, हमारे द्वारा'**। मुझे लगता है कि सेक्स वर्कर्स शायद पहली नारीवादी थीं! ... एक तरीका है जिससे हमने [क्रिया (CREA)] उनके समुदाय से बहुत कुछ सीखा है, और इस विचार से दूर जाकर कि [उन्हें बताना ज़रूरी है] कि उन्हें क्या करना है, कब करना है और कैसे करना है - हम बहुत कुछ हासिल करने में सफल रहे हैं।"– **क्रिया (CREA) की पूर्व कर्मचारी**

“सेक्स वर्कर आंदोलनों में एक मंत्र है और मुझे लगता है कि यह एक वैश्विक मंत्र है - 'हमारे लिए, हमारे द्वारा'। मुझे लगता है कि सेक्स वर्कर्स शायद पहली नारीवादी थीं! ... एक तरीका है जिससे हमने [क्रिया (CREA)] उनके समुदाय से बहुत कुछ सीखा है, और इस विचार से दूर जाकर कि [उन्हें बताना ज़रूरी है] कि उन्हें क्या करना है, कब करना है और कैसे करना है - हम बहुत कुछ हासिल करने में सफल रहे हैं।”

क्रिया (CREA) की पूर्व कर्मचारी

इसी तरह, **किसी अन्याय से प्रत्यक्ष रूप से प्रभावित होने वाले गठबंधन के सदस्यों को निर्देश देने के बजाय उनकी बात सुनना और उनसे दिशा लेना सीखना**, नारीवादी गठबंधनों में भूमिका की स्पष्टता और सीमाओं को बनाए रखने के लिए एक **मूल्यवान व्यवहार है,** जहाँ सहयोगियों के बीच वर्ग, विशेषाधिकार और स्थान की विविधता होती है। सेक्स वर्कर्स के प्रतिनिधियों ने इसे उन कारकों में से एक बताया है जिसने क्रिया (CREA) के साथ उनके सहयोग को कायम रखा है - कि क्रिया (CREA) कई संदर्भों में उनकी बात सुनने, उनसे सीखने और उनकी अंतर्दृष्टि से निर्देशित होने के लिए हमेशा तैयार रही है। **यह अभ्यास साझेदारों के बीच समीकरणों को लोकतांत्रिक बनाने में भी मदद करता है,** और "विशेषज्ञों/पेशेवर बनाम ज़मीनी स्तर/आम लोगों" के बीच सत्ता[3] को संबोधित करने में मदद करता है।

कौन बोलता है, और किसकी आवाज़ किन संदर्भों में बढ़ जाती है, इसके बारे में सीमाएं बनाए रखने से विभिन्न मंचों में मुद्दों पर बोलने के लिए गठबंधन की विश्वसनीयता और वैधता बढ़ जाती है: हमारी केस स्टडी में, "पीछे से समर्थन" ने, उदाहरण के लिए, क्रिया (CREA) की विश्वसनीयता और व्यापक मानव अधिकार, नारीवादी और सामाजिक न्याय मंचों पर सेक्स वर्क के मुद्दों पर बोलने की वैधता में बहुत वृद्धि की है। क्रिया (CREA) यहाँ सेक्स वर्करों के लिए बात नहीं कर रही है, बल्कि सेक्स वर्क पर चर्चा को स्थानांतरित करने के लिए इन स्थानों का लाभ उठा रही है।

[3] इसी कारण से और इसी प्रकार से, उदाहरण के लिए, क्रिया (CREA) ने स्वयं को यौन कार्य से संबंधित कई ऐसे अंतर्राष्ट्रीय और नारीवादी संगठनों के रुख से दूर रखा है जो यह मानते है : जैसे की, पीड़ितों को राहत दिलाने वालों के रूप में, या रक्षक के रूप में, या “पीड़ितों” की तरफ से बोलने और उन्हें ये बताने के लिए कि उनके लक्ष्य क्या होने चाहिए और उन्हें लक्ष्य किस प्रकार से प्राप्त करना होगा।

III

चुनौतियों और तनावों से निपटने के सिद्धांत

इस बात से बचा नहीं जा सकता है कि सहयोगिता अपने स्वयं के टकराव और तनाव के साथ आती है, खासकर जब संबंध व्यापक रूप से भिन्न स्थानों, अनुभवों, दृष्टिकोणों, पहले से बने पूर्वाग्रहों और क्षमताओं वाले कर्ताओं के बीच बनाए जा रहे हों। नारीवादी सहयोगिता के लिए खुलकर और ईमानदारी से इन्हें सामने लाने, इनका मुकाबला करने और इनसे निपटने के लिए साहस की ज़रूरत होती है। यदि उन्हें केवल चिड़चिड़ाहट के रूप में नजरअंदाज कर दिया जाता है या किनारे कर दिया जाता है, तो उनके परिणाम स्वरूप अधिक समस्याग्रस्त संघर्ष और टूटन होगी जिसका समाधान करना और भी कठिन होगा। इसलिए सहयोगिता सिद्धांतों का हमारा अंतिम भाग इन चुनौतियों से निपटने के रचनात्मक तरीके प्रस्तुत करता है।

12

आंतरिक सत्ता संघर्ष, तनाव और संघर्ष से निपटने के लिए पारदर्शी तंत्र

विभिन्न कर्ताओं के बीच सत्ता का अंतर एक गंभीर चुनौती है जिसका नारीवादी सहयोगिता में लगातार सामना करना पड़ता है। प्रारंभिक विषमताएं आम तौर पर अलग-अलग वित्तीय संसाधनों, नीतिगत स्थानों, भाषा और आवाज़ तक पहुँच, और किसी के नेटवर्क, संपर्क या प्रभावशाली स्थानों में काम करने के अनुभव जैसे अमूर्त संसाधनों में असमानताओं के कारण मौजूद होती हैं। उदाहरण के लिए, क्रिया (CREA)-सेक्स वर्कर्स आंदोलनों के संबंध के मामले में ऐसे अंतर थे जैसे अंग्रेजी बोलने की क्षमता, कुछ प्रकार के स्थानों (जैसे अंतरराष्ट्रीय मंच) पर राह खोजने की क्षमता, और क्रिया (CREA) तुलना में सेक्स वर्कर्स / ट्रांस सेक्स वर्कर्स को सरकारी अधिकारियों या निर्वाचित प्रतिनिधियों द्वारा कैसे समझा जाता है और कैसे व्यवहार किया जाता है।

यह महत्वपूर्ण है कि इन मतभेदों को खुले तौर पर स्वीकार किया जाए और गठबंधन के भीतर एक स्वस्थ वातावरण बनाए रखने के लिए उन्हें संबोधित करने के लिए चल रहे तंत्र को विकसित किए जाएं। क्योंकि अगर शुरुआती मतभेदों को सुलझा भी लिया जाए, तो समय के साथ नई तरह के सत्ता संघर्ष और विषमताएं सामने आएंगी, जिनसे समय-समय पर निपटना होगा। कभी-कभी राजनीति और विचारों पर असहमति के कारण दबाव बिंदु होते हैं, या इसलिए होते हैं क्योंकि जब समूह अपने काम के लिए अधिक प्रसिद्ध हो जाता है और इसके कुछ सदस्यों को अधिक पैसा मिलता है तो लोग संसाधनों और स्थानों के लिए प्रतिस्पर्धा कर रहे होते हैं।

> "...किसी भी अच्छी चीज़ में समस्याएँ न हों, यह असंभव है। लेकिन [यह] हमें मज़बूत बना रहा है और यही कारण है कि केन्याइ सेक्स वर्कर संगठनों की क्रिया (CREA) के साथ बहुत मज़बूत साझेदारी है... क्योंकि **हम एक-दूसरे पर भरोसा करते हैं, हमने एक-दूसरे को समझने की कोशिश की है, हमने अपनी पसंद-नापसंद सीखी है और इसी ने साझेदारी को मज़बूत बनाया है।**"– **केइएसडबल्यूए (KESWA)**

"क्योंकि आप एक एजेंडे के साथ जा रहे हैं और आप पैसे के साथ जा रहे हैं, और आप एक सेक्स वर्कर नहीं हैं। यह तीन प्रकार के संभावित तनाव हैं... और मुझे लगता है कि इसे अपनाना [सबसे अच्छा तरीका है]: 'हाँ, हम सेक्स वर्कर नहीं हैं! हाँ, हम पैसे लेकर आये हैं! और हाँ, हम एक एजेंडे के साथ आए हैं।' ये वे तरीके हैं जिनसे [कुछ] बहुत साफ़ और स्पष्ट बात के माध्यम से , बहुत पारदर्शी तरीके से और सब कुछ सामने रख चुनौतियों और तनावों पर काबू पाया गया है...

क्रिया (CREA) की पूर्व कर्मचारी

नारीवादी सहयोगिता व्यवहार का मतलब यह सुनिश्चित करना भी है कि उसके सभी सदस्यों के सफल होने की समान संभावनाएं हों - उदाहरण के लिए, अपरिचित स्थानों में आत्मविश्वास से काम करने के लिए एक-दूसरे की क्षमताओं का निर्माण करना, प्रत्येक भागीदार को इनमें समान पहुँच और प्रतिनिधित्व प्राप्त होने पर समर्थन देना, अलग-अलग परिवेशों में एजेंडे को उचित रूप से व्यक्त करने का कौशल, और वित्तीय संसाधन साझा करना।

गठबंधन के कुछ सदस्यों के बीच हमेशा असहमति और तनाव रहेगा, जिसका प्रभाव अन्य सदस्यों पर पड़ेगा। यह एक समस्या हो सकती है जो सहयोगिता होने के साथ आती है। ये तनाव विभिन्न कारणों - राजनीतिक और वैचारिक मतभेद, रणनीतिक असहमति, मुख्य नेताओं के बीच व्यक्तित्व टकराव, आदि - से पैदा होते हैं। क्रिया (CREA) - सेक्स वर्कर्स केस में, दो बड़े सेक्स वर्कर्स नेटवर्क के बीच एक गंभीर और अंततः अनसुलझे वैचारिक और रणनीतिक संघर्ष सामने आए। परिणाम स्वरूप, एक नेटवर्क ने गठबंधन छोड़ दिया।

हालाँकि संघर्ष समाधान तंत्र यह गारंटी नहीं दे सकता कि सभी मतभेदों को हमेशा हल किया जाएगा, और प्रयास करना नारीवादी सहयोगिता का प्रतीक है, ना कि परिणाम। ऐसी प्रक्रियाओं का अस्तित्व सहयोगिता के लोकतांत्रिक और नारीवादी चरित्र को बढ़ाता है, और पीठ में छुरा घोंपने और छिपे हुए संघर्ष के नकारात्मक प्रभाव को रोकता है जो अनिवार्य रूप से तब पैदा होते हैं जब ऐसी रचनात्मक प्रक्रियाएं मौजूद नहीं होती हैं।

13

डोनर सिन्ड्रोम से बचें

नारीवादी सहयोगिता को यह सुनिश्चित करना होगा कि फंडिंग तक पहुँच गठबंधन के भीतर अधिक आवाज़ या प्रभाव का स्रोत न बने। उनके सामाजिक-राजनीतिक स्थान, इतिहास और कानूनी संरचना के कारण, कुछ गठबंधन सदस्यों को संसाधनों को अन्य सदस्यों तक पहुँचाने की ज़रूरत हो सकती है, जिसके परिणाम स्वरूप एक प्रकार की दाता-अनुदान प्राप्तकर्ता (डोनर-ग्रांटी) सत्ता संघर्ष हो सकते हैं जो रिश्ते को खराब कर देते हैं और धन प्राप्त करने वालों को अधीन कर देते हैं। इसे रोकने के लिए क्षमता निर्माण करना होगा और सिद्धांत 1 और 3 के तहत चर्चा की गइ प्रारंभिक गठबंधन-निर्माण प्रक्रिया में इन मुद्दों को संबोधित करना होगा।

इस डोनर सत्ता संघर्ष को सिद्धांत 6 और 7 के तहत बताइ गइ प्रथाओं का पालन करके भी टाला जा सकता है - अर्थात, गैर-वित्तीय संसाधनों (ज्ञान, अनुभव, ज़मीनी स्तर का आधार, ज़मीनी स्तर के दृष्टिकोण) को पैसे की शक्ति से अधिक नहीं तो भी, उसके बराबर महत्व देना। हमारी केस स्टडी से पता चला कि क्रिया (CREA) को इस मुद्दे को बहुत सचेत रूप से संबोधित करना पड़ा, क्योंकि सेक्स वर्कर्स के साथ सहयोगिता के लिए वे जो संसाधन लाए थे, उनमें से यह एक संसाधन था, और उन्हें जानबूझकर डोनर की भूमिका निभाने से बचना पड़ा। यह एक एसी प्रक्रिया भी है जिसे गठबंधन के संबंधों में प्रवेश करने वाले नए कर्मचारियों या सदस्यों के साथ लगातार मज़बूत किया जाना चाहिए।

संसाधनों तक पहुँच में एक सत्ता संघर्ष भी निहित है: नारीवादी संगठनों के पास अभी भी सेक्स वर्कर संगठनों / आंदोलनों की तुलना में अधिक संसाधन हैं - इसलिए... **क्या कोइ एसा तरीका है जिससे हम एजेंडे को नियंत्रित कर सकें? या क्या एजेंडा उन लोगों द्वारा तय किया जा रहा है जो संसाधन उपलब्ध कराते हैं?** सौभाग्य से सेक्स वर्कर हमें यह बताने में बहुत अच्छे हैं कि वे किसी भी चीज़ के लिए हमारे आभारी नहीं हैं! – **स्वतंत्र सहयोगी**

14

विशिष्टता से बचें और व्यक्तिगत संबंध से आगे संबंध बनाएं

नारीवादी सहयोगिता के लिए व्यक्तिगत सहयोगी के पहले के रिश्तों और नेटवर्क के इतिहास के बारे में जानना ज़रूरी है, या एसे गठबंधनों के बारे में जो समान एजेंडे को आगे बढ़ाने के लिए पहले बनाए गए थे। इन मौजूदा या नए उभरते संबंधों को प्रतिस्पर्धा के रूप में देखने के बजाय उनका सम्मान किया जाना चाहिए। क्रिया (CREA) की केस स्टडी में इसे एक उदाहरण के रूप में इस्तेमाल किया गया था कि कैसे क्रिया (CREA) ने पहले से मौजूद नेटवर्क और रिश्तों के बारे में बहुत कुछ जाने बिना सेक्स वर्कर समूहों की दुनिया में प्रवेश किया और फिर उन्हें यह कोशिश करनी पड़ी, कि इन्हें तोड़े बिना कैसे फिट होना है। प्रतिस्पर्धा करना या सहयोगियों से विशिष्टता की मांग करना - जिसे हम "आप हमारे गठबंधन के हैं!" सिंड्रोम कह सकते हैं - एक चुनौती है जिसे न केवल नारीवादी गठबंधनों, बल्कि सभी प्रगतिशील सामाजिक न्याय सक्रियता के स्वास्थ्य और लचीलेपन के लिए दूर किया जाना चाहिए।

व्यक्तियों से परे बातचीत, तालमेल और विश्वास-निर्माण के आधार को व्यापक बनाना भी ज़रूरी है, खासकर उन लोगों से जो गठबंधन के शुरुआती चरणों में रिश्ते के आरंभकर्ता / इंटरफ़ेस रहे हों। जब ये व्यक्ति अन्य काम करने के लिए गठबंधन सहयोगी संगठन को छोड़ देते हैं, तो यह सहयोगियों के बीच संबंधों को तब तक नुकसान पहुँचा सकता है जब तक कि नए लोगों के साथ विश्वास फिर से नहीं बन जाता। इस सिंड्रोम को क्रिया (CREA)-सेक्स वर्कर्स सहयोगिता केस स्टडी में कुछ आवाज़ों द्वारा उजागर किया गया था, क्योंकि क्रिया (CREA) या सेक्स वर्कर संगठन पक्ष के मुख्य व्यक्ति बाहर चले गए थे, और दोनों तरफ से रिश्तों को फिर से बनाना पड़ा था।

> "... जिनसे हम जुड़े हुए हैं उनका बने रहना ज़रूरी है। **हम उन लोगों के साथ खुलकर बात कर सकते हैं, बहस कर सकते हैं और यहाँ तक कि लड़ सकते हैं जिनके साथ हमने मज़बूत संबंध बनाए हैं**। लेकिन नए लोगों के साथ यह मुश्किल हो जाता है और हम अपनी राय सामने रखे बिना चुप हो जाते हैं।" – **एआइएनएसडबल्यू (AINSW)**

शायद सहयोगिता में निहित चुनौतियों और तनावों से निपटने में आखिर में बुद्धिमत्ता यह स्वीकार करना है कि सर्वोत्तम नारीवादी प्रथाओं के साथ भी, सहयोगिता की सभी चुनौतियों को दूर नहीं किया जा सकता है। यह समझना महत्वपूर्ण है कि अच्छे इरादों, समान विचारधाराओं और समान लक्ष्यों के साथ भी, रिश्ते कभी-कभी काम नहीं करते हैं। यह व्यक्तिगत, विशिष्ट और अप्रत्याशित कारणों से, या सामाजिक, आर्थिक और सांस्कृतिक मतभेदों के कारण हो सकता है, या क्योंकि जोड़-तोड़ और शक्तिशाली बाहरी ताकतें या मज़बूरियाँ हमारी एकजुटता पर हावी हो जाती हैं। असफलताओं, रिश्तों में दरार और नुकसान को स्वीकार करना सहयोगिता की वास्तविकता का एक अनिवार्य हिस्सा है। नारीवादी सहयोगिता के लिए जो महत्वपूर्ण है, वह है इन कारकों का सामना करने के लिए इमानदार तंत्र और प्रक्रियाएं बनाना, और यह स्वीकार करना कि वे हमेशा सफल नहीं होंगे।

इसलिए, सभी नारीवादी सहयोगिता सिद्धांतों में, असफलताओं और सफलताओं, दोनों के अपने **अनुभवों से सीखना** सबसे महत्वपूर्ण है। तभी हम अपने नारीवादी सपनों को साकार करने के लिए और भी मज़बूत नारीवादी गठबंधन बना सकते हैं!

श्रीलता बटलीवाला

श्रीलता बटलीवाला भारत में रहने वाली नारीवादी एक्टिविस्ट-विद्वान और प्रशिक्षक हैं, जिनके ज़िंदगी भर के काम ने सिद्धांत और व्यवहार की दुनिया को जोड़ा है, और नारीवादी आंदोलन निर्माण और नारीवादी नेतृत्व को आगे बढ़ाने के लिए कार्यकर्ताओं और संगठनों की क्षमता निर्माण पर ध्यान केंद्रित किया है। वर्तमान में वे **क्रिया (CREA - क्रिएटिंग रिसोर्सेज फॉर एम्पावरमेंट इन एक्शन)** जो एक अंतरराष्ट्रीय संगठन है और जेंडर, यौनिकता और मानव अधिकारों के प्रतिच्छेदन (इंटरसेक्शन) पर काम करता है, **के साथ ज्ञान निर्माण (नॉलेज बिल्डिंग) की वरिष्ठ सलाहकार** हैं, (WWW.CREAWORLD.ORG); और वे **जेंडर एट वर्क की वरिष्ठ सहयोगी पद पर भी भी हैं**, जो की एक जेंडर विशेषज्ञों पर आधारित वैश्विक नेटवर्क है और संगठनों में समानता और समावेश की संस्कृतियों का निर्माण करने में मदद करता है. (WWW.GENDERATWORK.ORG)।

90 के दशक के मध्य तक, श्रीलता भारत में ज़मीनी स्तर पर महिला सशक्तिकरण और आंदोलन निर्माण कार्य में शामिल थीं, जिन्होंने हजारों सामाजिक-आर्थिक रूप से हाशिए पर रहने वाली ग्रामीण और शहरी महिलाओं को संगठित और सशक्त बनाया। इसके बाद, उन्होंने फोर्ड फाउंडेशन, न्यूयॉर्क में सिविल सोसाइटी प्रोग्राम ऑफिसर, हार्वर्ड यूनिवर्सिटी के हॉसर सेंटर फॉर नॉनप्रॉफिट ऑर्गनाइजेशन में रिसर्च फेलो और AWID (एसोसिएशन फॉर वुमेन्स राइट्स इन डेवेलपमेंट) में स्कॉलर एसोसिएट के रूप में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर काम किया।

उन्होंने महिला सशक्तिकरण, तथा सत्ता, आंदोलनों, निगरानी और मूल्यांकन, मार्गदर्शन और नेतृत्व के प्रति नारीवादी दृष्टिकोण पर विस्तार से लिखा है। उनके सबसे हालिया प्रकाशन हैं "ट्रांसफोर्मेटिव फेमिनिस्ट लीडरशिप – वॉट इट इज़ एंड वाइ इट मैटर्स" (परिवर्तनकारी नारीवादी नेतृत्व - यह क्या है और यह क्यों मायने रखता है) (UNU IIGH थिंक पीस सीरीज़ HTTPS://WWW.GENDERHEALTHHUB.ORG/ARTICLES/THE-POWER-OF-FEMINIST-LEADERSHIP-THINK-PIECE/; "फेमिनिस्ट मेंटरिंग फॉर फेमिनिस्ट फ्युचर्स" (तेजिंदर सिंह भोगल और लावण्या मेहरा के साथ HTTPS://CREAWORLD.ORG/RESOURCE/FEMINIST-MENTORING-GUIDE-FOR-FEMINIST-FUTURES/); प्राइमर्स "ऑल अबाउट पावर" और "ऑल अबाउट मूवमेंट्स" ("सत्ता के बारे में सब कुछ" और "आंदोलनों के बारे में सब कुछ) (HTTPS://CREAWORLD.ORG/RESOURCE/ALL-ABOUT-POWER/) (HTTPS://CREAWORLD.ORG/RESOURCE/ALL-ABOUT-MOVEMENTS/)। उनके प्रमुख लेखन का संग्रह "इंगेजिंग विथ एम्पावरमेंट – एन इंटेलेक्चुअल एंड एक्सपेरिएनशियल जर्नी" (सशक्तिकरण के साथ जुड़ना - एक बौद्धिक और अनुभवजन्य यात्रा) (वुमेन अनलिमिटेड, 2014, और इबुक संस्करण 2015.) में पाया जा सकता है। उनका अधिकांश प्रकाशित कार्य ACADEMICA.EDU और RESEARCHGATE.NET दोनों पर पाया जा सकता है।

श्रीलता भारत के बैंगलोर शहर में रहती हैं, और अपने चार किशोर पोते-पोतियों की एक्टिव नारीवादी दादी हैं!

क्रिया (CREA)

क्रिया (CREA) वैश्विक दक्षिण में स्थित एक नारीवादी अंतरराष्ट्रीय मानव अधिकार संस्था है और इसका नेतृत्व वैश्विक दक्षिण की महिलाएं करती हैं। क्रिया (CREA) का काम यौनिकता और जेंडर समानता के लिए अधिकार-आधारित दृष्टिकोण के अंतर्निहित मूल्य पर आधारित है।

क्रिया (CREA) संस्था कार्यकर्ताओं और सहयोगियों की नेतृत्व क्षमता का निर्माण करके, संगठनों और सामाजिक आंदोलनों को मज़बूत करके, नइ जानकारी, ज्ञान और संसाधनों तक पहुँच बनाकर और बढ़ाकर, तथा सहायक सामाजिक और नीतिगत वातावरण को सक्षम करके सभी लोगों के मानव अधिकारों और यौन अधिकारों को बढ़ावा देती है, उनकी रक्षा करती है और उन्हें आगे बढ़ाती है।

टीम

अंतिम संपादन: श्रीलता बटलीवाला

पुस्तक डिज़ाइन: रूपिंदर कौर, दालचीनी डिज़ाइन स्टूडियो

मुद्रण: जी.आर. प्रिंटिंग प्रैस

अनुवादक: सुनीता भदौरिया, ए एस इंटरनेशनल

अनुवाद समन्वय: शर्मिला एस भूषण और निर्मला एस वी, ए एस इंटरनेशनल

आभार

क्रिया (CREA) नीदरलैंड सरकार के विदेश मंत्रालय के सहयोग के लिए आभारी है, जिसने इस अध्ययन को संभव बनाया।

प्रतिभागियों का समर्थन, उत्साहपूर्ण भागीदारी और केस स्टडी में इमानदार, व्यावहारिक प्रतिक्रियाएँ इस अध्ययन और इस दस्तावेज़ में प्रस्तुत किए गए सिद्धांतों और प्रथाओं की नींव हैं। इसलिए हम AINSW (भारत), KESWA (केन्या), SANGRAM (भारत), SWIFA, UHAI-पूर्वी अफ्रीका और UNESO (केन्या) के 20 से अधिक व्यक्तियों द्वारा साझा किए गए समय और ज्ञान के लिए और साथ ही व्यक्तिगत सहयोगी स्वाति शाह और इशिता दत्ता के लिए भी अपना गहरा आभार व्यक्त करते हैं। हम क्रिया (CREA) की भूतपूर्व और वर्तमान कर्मचारी रूपसा मलिक, मेलिसा वैनैना, सुज़ाना फ्राइड और क्रिया (CREA) की कार्यकारी निदेशक गीतांजलि मिश्रा को भी धन्यवाद देते हैं, जिन्होंने इस साझेदारी के साथ-साथ इस केस स्टडी के विचार की शुरुआत की।

क्रिया (CREA) की टीम जिसने केस स्टडी साक्षात्कारों से प्राप्त डेटा को डिज़ाइन, कार्यान्वित और विश्लेषित किया - श्रीलता बटलीवाला, रूपसा मलिक (तत्कालीन क्रिया (CREA) में कार्यक्रम निदेशक), आरुषि महाजन, हेज़ल बुरुंगी, सुदीप्ता मुखोपाध्याय और सलाहकार अंकिता अग्रवाल - को भी उनकी महत्वपूर्ण भूमिका के लिए अवश्य श्रेय देना चाहती है।

नारीवादी सहयोगी बनाने के लिए मतभेदों का मानचित्रण: एक अभ्यास

1. 4-5 लोगों के समूह बनाएँ, जिसमें आपके गठबंधन के विभिन्न सदस्यों का कम से कम एक प्रतिनिधि हो

2. विपरीत पृष्ठ पर दिए गए चित्र का उपयोग करके निम्नलिखित का मानचित्रण करें:

    a. गठबंधन के किन सदस्यों को दिए गया मानदंडो के आधार पर सबसे अधिक विशेषाधिकार प्राप्त हैं (i) वित्तीय संसाधन, (ii) संपर्कों और प्रभावशाली स्थानों तक पहुँच, (iii) प्रभावशाली स्थानों में काम करने के लिए भाषा कौशल और अनुभव, और (iv)गठबंधन के भीतर निर्णय लेने की शक्ति?

    b. गठबंधन के किन सदस्यों को इन मानदंडों के संदर्भ में कम विशेषाधिकार प्राप्त हैं?

    c. और कौन से सदस्यों को इन मानदंडों के संदर्भ में सबसे कम विशेषाधिकार प्राप्त हैं?

3. आपके गठबंधन के भीतर अधिक न्यायसंगत वातावरण बनाने के लिए नारीवादी सहयोगिता सिद्धांतों और प्रथाओं में से किसका उपयोग किया जा सकता है?

crea

/CREAworld.org /thinkcrea /think.crea

www.creaworld.org